**विपणन/बीएसएम/मसाले/08/2020-21** **दिनांक 28 जनवरी, 2021**

महोदय/महोदया,

**विषय: तेलंगाना पर विशेष ध्यान देते हुए हल्दी केलिए क्रेता-विक्रेता बैठक(ऑनलाइन)**

स्पाइसेस बोर्ड भारत की ओर से अभिवादन !

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार), भारतीय मसालों के विकास और दुनिया-भर में बढ़ावा देनेवाला अग्रणी संगठन है, जो मसाला उद्योग के विभिन्न स्तरों पर संबंध को सुदृढ़ करते हुए मसाला व्यापार के संवर्धन एवं सुगमता हेतु कार्यकलापों की अगुवाई करता है।

भारत का मसाला निर्यात, वैश्विक महामारी की स्थिति के बावजूद भी, पिछले वर्ष की तुलना में, मात्रा में, आठ प्रतिशत, रुपए के हिसाब से दस प्रतिशत तथा डॉलर के हिसाब से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के अलावा, वर्ष 2019-20 के दौरान, 21515.40 करोड़ रुपए मूल्यवाले, 11,83,000 मीटरी टन की मात्रा के साथ, मूल्य वसूली में तीन अरब यूएस डॉलर का लैंडमार्क स्तर तक बढ़ा । भारत, हल्दी का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक है, जिसके निर्यात ने पिछले कुछ वर्षों से सतत प्रगति दर्ज की है । वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत ने, 1216.40 करोड़ रुपए के मूल्यवाले 1,36,000 टन का निर्यात किया जिसने देश के कुल मसाला निर्यात का, मात्रा के हिसाब से 11 प्रतिशत तथा मूल्य के हिसाब से छह प्रतिशत का योगदान दिया।इसके अलावा, हल्दी के प्रतिरक्षा बढ़ानेवाले गुणों ने महामारी की स्थिति के दौरान मांग बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष के पूर्वार्द्ध (अप्रैल-सितंबर, 2020) के दौरान हल्दी के निर्यात में, मात्रा में 42 प्रतिशत (99,000 मीटरी टन) तथा मूल्य में 35 प्रतिशत (85,810 लाख रुपए ) की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।

हल्दी मुख्यतः तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर-पूर्व राज्य आदि में बढ़ाई जाती है। मसालों व मसाला उत्पादों का निर्यात और बढ़ाने केलिए स्पाइसेस बोर्ड, क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) का आयोजन करता आ रहा है, ताकि मसाला उद्योग के खरीददारों और विक्रेताओं को सीधे बातचीत करने और कारगर कारोबारी संपर्क स्थापित करने हेतु एक आम मंच मुहैया किया जा सके।तदनुसार, बोर्ड **3 फरवरी , 2021 को दोपहर बाद 2.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक तेलंगाना पर ज़ोर देते हुए हल्दी केलिए ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक(बीएसएम) आयोजित कर रहा है।**

तेलंगाना से एफ़पीओ, प्रगतिशील कृषक, कृषक समुदाय, प्रसंस्करण-कर्त्ता एवं व्यापारियों के प्रतिनिधित्व करनेवाले लगभग 100 विक्रेता/उत्पादक इस बीएसएम में भाग लेंगे।

सभी निर्यातकों को बीएसएम में हार्दिक रूप से आमंत्रित किया जाता है ताकि मिर्च व हल्दी के आपूर्तिकर्त्ताओं/कृषकों के साथ कारगर कारोबारी संपर्क स्थापित करने की संभावनाओं की तलाश की जा सके। इच्छुक निर्यातक/खरीददार **01 फरवरी, 2021 को या उससे पहले** निम्नलिखित विवरण **इ-मेइल sbnzb2015@gmail.com** के ज़रिए उपलब्ध कराते हुए बीएसएम केलिए रजिस्टर कर सकते हैं।

| नाम, कंपनी का नाम एवं पता | मोबाइल नं. व इ-मेइल |
|---|---|
| | |

पंजीकरण के उपरांत, कार्यक्रम का लिंक इच्छुक खरीददारों के साथ साझा किया जाएगा।

अधिक जानकारी केलिए कृपया संपर्क करें:

श्री बी. वेंकटेशन, उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, निजामाबाद - +91 99477 07462, 0846-2295220

सुश्री सपना तोमर, सहायक निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, निजामाबाद- +91 86395 84065

शुभकामनाएँ,

पी.एम. सुरेष कुमार
निदेशक(विपणन)

**MKT/BSM/SPICES/08/2020-21** **28th January 2021**

Dear Sir/Madam,

**Sub: Buyer Seller Meet (online) for Turmeric, with focus on Telangana -reg**

Greetings from Spices Board India,

Spices Board (Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India), the flagship organization for the development and worldwide promotion of Indian spices has been spearheading activities for promotion and facilitation of spice trade by strengthening linkages at various levels of the Spice Industry.

India's spice exports, with a volume of 11,83,000 MT valued at Rs.21515.40 crore during 2019-20, scaled the landmark level of 3 billion US$ in value realization, besides recording a growth rate of 8% in volume, 10% in rupee terms and 8% in dollar terms of value over the previous year, despite the global pandemic situation. India is the world's largest exporter of Turmeric, the exports of which has been recording a steady progress, over the years. During 2019-20, India exported 1,36,000 tons of Turmeric valued Rs.1216.40 crore which contributed to 11% in volume and 6% in value of total export of spices from the country. Further, the immuno boosting properties of Turmeric played a key role in boosting the demand during the pandemic situation, which in turn contributed to a significant growth of 42% in quantity (99,000 MT) and 35% in value (Rs. 85,810 Lakhs) in turmeric exports during the first half of the current financial year (April- September 2020).

Turmeric is mainly grown in Telangana, Andhra Pradesh, Tamil Nadu, Karnataka, Kerala, Maharashtra, Orissa, West Bengal, NE States etc. Spices Board with a view to further promote the export of spices and spice products, has been organizing Buyer Seller Meets (BSM), so as to provide a common platform for the Buyers and Sellers of the spice industry, to interact directly and establish effective business linkages. Accordingly, the Board is organizing an online **Buyer Seller Meet for Turmeric with focus on Telangana**, **on 3rd February 2021 from 02.30 pm to 5.30 pm.**

Around 100 sellers/producers representing FPOs, progressive farmers, farmer's societies, processors and traders from Telangana will be attending the BSM.

All exporters are cordially invited for the BSM and explore the possibilities to establish effective business linkages with suppliers/growers of Turmeric. Interested exporters/buyers may register for the BSM by providing the following details via email to sbnzb2015@gmail.com on or before **1st February 2021.**

| Name, Company Name & Address | Mobile No. & email |
|---|---|
| | |

The program link will be shared with interested buyers, upon registration.

For further information, please contact:
Mr. B Venkateson, Dy. Director, Spices Board, Nizamabad - +91 99477 07462, 0846-2295220
Ms. Sapna Tomar, Asst. Director, Spices Board, Nizamabad - +91 86395 84065

Regards,

P M Suresh Kumar
**Director ( Marketing)**